# अध्ययन बोर्ड ( Board of Study) की प्रथम बैठक का कार्यवृत

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित मराठी विभाग के अध्ययन बोर्ड की प्रथम बैठक प्रभारी विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में दिनांक 22 दिसम्बर 2016 (गुरुवार) को पुर्वाह्न 12:00 बजे साहित्य विद्यापीठ के मराठी विभाग, विश्वविद्यालय परिसर वर्धा में आयोजित की गयी थी। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी : 1. डॉ.शैलेश मरजी कदम, प्रभारी अध्यक्ष, मराठी विभाग 2. डॉ. शैलेन्द्र लेंडे, विभागाध्यक्ष, मराठी विभाग रा.तू.म. विश्वविद्यालय, नागपुर 3. श्रीमती सुषमा लोखंडे, सहायक प्रोफेसर (अस्थायी ) विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थी।

अध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया की अध्ययन बोर्ड के सदस्य डॉ.पी.एम.कालभूत, वर्धा अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सकेगें। प्रभारी विभागाध्यक्ष द्वारा दोनो सदस्यों को स्वागत एवं अभिनंदन करने के बाद बैठक की कार्यवाही आरंभ की गयी और विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिये गए।

**विषय- 1**

**<u>मद संख्या - 1 :-</u> विभाग में, एम.ए., अडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों के पाठ्यचर्या का अनुमोदन एवं आधार भाषा मराठी(4 क्रेडिट) के प्रश्न पत्र के पाठ्यचर्या का अनुमोदन के संबंध में।**

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित मराठी विभाग में सत्र 2016 – 17 से एम.ए. मराठी पाठ्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या का निर्माण सी. बी. सी. एस (cbcs) प्रारूप में विभागीय शिक्षकों ने मा. कुलपति के मार्गदर्शन में किया है। जो परिशिष्ट- 1 के रूप में संलग्न है। अडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्क्रम भाषा विद्यापीठ में पूर्व से संचालित है। इन सभी पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या अवलोकन, संशोधन एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत। विश्वविद्यालय के सभी एम.ए. के छात्रों को एक 4 क्रेडिट के प्रश्न पत्र के रूप में भारतीय एवं विदेशी भाषा में से एक आधार भाषा का चयन करना होता है। मराठी भाषा चयन करने वाले छात्रों के लिय आधार भाषा मराठी के प्रश्न पत्र की पाठ्यचर्या निर्णयार्थ प्रस्तुत।

परिशिष्ट- 1 . एम .ए. मराठी पाठ्यचर्या , 2. अडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्यचर्या



SKadam

12

***निर्णय:*** एम .ए. मराठी पाठ्यचर्या को देखा गया वर्तमान के लिये ठीक है। भविष्य में आंशिक बदलाव का सुझाव प्राप्त हुआ। अन्य पाठ्यचर्या को अनुमोदित किया।

**विषय- 2**

**<u>मद संख्या - 2</u> विभाग मे भविष्य में एम. फिल पाठ्यक्रम शुरू करने की सैधान्तिक अनुमति का प्रस्ताव।**

छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए विभाग भविष्य में एम. फिल पाठ्यक्रम शुरू करना चाहता है। उपर्युक्त के संबंध में निर्णयार्थ प्रस्तुत।

***निर्णय:*** सैधान्तिक अनुमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के सक्षम निकायों के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

**विषय- 3**

**<u>मद संख्या - 3 :-</u>** विभाग के छात्रों द्वारा भित्ती पत्रिका निर्माण के संदर्भ में प्रस्ताव।

विभाग के छात्र विभाग की भित्ती पत्रिका का निर्माण करना चाहते है।

उपर्युक्त के संबंध में निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:** अनुमति प्रदान की। भित्ती पत्रिका को स्तरीय बनाने का सुझाव प्राप्त हुआ।

**विषय- 4**

**<u>मद संख्या - 4 :-</u>** 27 फरवरी 2017 को मराठी दिवस बृहद रुप में मनाने के संबंध में प्रस्ताव

विभाग आगामी आनेवाले मराठी दिवस को बृहद रुप में मनाने के मानस व्यक्त करता है।

उपर्युक्त के संबंध में निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:** अनुमति प्रदान की गई। मराठी दिवस को मनाये जाने के पीछे के कारणों को स्पष्ट करने वाले विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान रखने का सुझाव प्राप्त हुआ। मराठी संस्कृति की पहचान कारानेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना उचित होगा यह भी सुझाव प्राप्त हुआ।

**विषय- 5**

**मद संख्या - 5 :- यशवंतराव दाते स्मृति संस्था, वर्धा के साथ आकादमिक कार्य एवं अनुवाद कार्य हेतु अनुबंध करने का प्रस्ताव।**

विभाग उपरोक्त संस्था के साथ मिलजुलकर कार्य करने हेतु अनुबंध करना चाहता है। उपर्युक्त के संबंध में निर्णयार्थ प्रस्तुत।

***निर्णय:*** अनुमति प्रदान की गई। संस्था के साथ एक बैठक लेकर अनुबंध का प्रारूप तय करके विश्वविद्यालय स्तर पर अनुबंधकरने का सुझाव प्राप्त हुया।

**विषय- 6**

**मद संख्या - 6 :- अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण।**

***निर्णय:*** अध्यक्ष कि अनुमति से कोई अन्य प्रकरण सम्मिलित नहीं किया गया था।

# अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित मराठी विभाग के अध्ययन बोर्ड की द्वितीय बैठक प्रभारी विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में दिनांक 13 अक्तूबर 2017 (शुक्रवार) को अपराह्न 01:00 बजे साहित्य विद्यापीठ के मराठी विभाग, विश्वविद्यालय परिसर वर्धा में आयोजित की गयी थी। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी-

1) श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर (प्रभारी अध्यक्ष, मराठी विभाग)
2) डॉ. शैलेन्द्र लेंडे विभागाध्यक्ष, मराठी विभाग रा.तू.म. विश्वविद्यालय, नागपुर,
3) डॉ. पी.एस. कालभूत श्री.कृष्णदास जाजू ग्रामीण सेवा महाविद्यालय, पिपरी, वर्धा
4) सुश्री. सुषमा लोखंडे (अंशकालिक सहायक प्रोफ़ेसर)
5) श्री. नरेन्द्र मा. डेबे (अंशकालिक सहायक प्रोफ़ेसर)

प्रभारी विभागाध्यक्ष द्वारा दोनों सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करने के बाद बैठक की कार्यवाही आरंभ की गयी और विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिये गए।

**विषयों की सूची**

**मद संख्या : 1)** ) मराठी विभाग के अध्ययन मंडल की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ प्रस्तुत –

निर्णय : अवलोकन किया।

**मद संख्या :– 2)** एम.ए. मराठी के पाठ्यक्रम के बदलाव हेतू सेमेस्टर के अनुसार अनुमोदनार्थ प्रस्तुत-

निर्णय : स्वीकृत किया गया।

**मद संख्या :– 3)** अकादमिक सत्र के दौरान किसी भी पाठ्यक्रम में परिवर्तन का अधिकार

अकादमिक सत्र के दौरान किसी भी पाठ्यक्रम में परिवर्तन हेतू विभागाध्यक्ष/ अधिष्ठाता को अधिकृत किया जायेगा तथा अन्य संकाय हेतू सदस्यों का सहयोग लिया जायेगा।

निर्णय : स्वीकृत किया गया।

**मद : संख्या – 4)** एम. ए. मराठी सत्र 2016-18 लघुशोध प्रबंध के मूल्यांकन हेतू (परियोजना कार्य) विस्तृत रुपरेखा का प्रस्ताव जिसका प्रारूप निम्नानुसार होगा –

| | |
|---|---|
| **बाहय परीक्षक** | **70 अंक** |
| **शोध निदेशक** | **30 अंक** |
| **कुल अंक** | **100** |

निर्णय : स्वीकृत किया गया।

श्री. नरेन्द्र मा. डेबे

सुश्री. सुषमा लोखंडे

डॉ. पी.एस. कालभूत
(बाहय विशेषज्ञ)

13/10/2017
श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर
प्रभारी अध्यक्ष

डॉ. शैलेन्द्र लेंडे
(बाहय विशेषज्ञ)

# अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित मराठी विभाग के अध्ययन बोर्ड की तृतीय बैठक अधिष्ठाता साहित्य विद्यापीठ की अध्यक्षता में दिनांक 08 अक्तूबर 2018 (सोमवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी-

1) प्रो. प्रीति सागर (अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ)
2) श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर (प्रभारी अध्यक्ष, मराठी विभाग)
3) डॉ. निशा शेण्डे, मराठी विभाग, महिला महाविद्यालय, अमरावती - (बाह्यविशेषज्ञ)
4) डॉ. ए.जी. वाडेकर, मराठी विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल - (बाह्यविशेषज्ञ)
5) सुश्री. निकिता राजपूत (भूतपूर्व विद्यार्थी)

अधिष्ठाता साहित्य विद्यापीठ द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करने के बाद बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई और विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

**मद संख्या : 1)** मराठी विभाग के अध्ययन मंडल की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत–

**निर्णय :** अवलोकन किया गया।

**मद संख्या :– 2)** मराठी साहित्य विभाग के स्थान पर मराठी विभाग नामकरण पर विचार।

**निर्णय :** मराठी साहित्य विभाग का नाम मराठी विभाग किया गया।

**मद संख्या :– 3)** एम.ए. मराठी के पाठ्यक्रम में क्रेडिट के अनुसार परिवर्तन पर विचार।

**निर्णय :** एम.ए. मराठी के पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श के उपरांत परिवर्तन स्वीकार किया गया।

**मद : संख्या – 4)** एम.ए. मराठी के पाठ्यक्रम में संशोधन पर विचार।

**निर्णय :** एम.ए. मराठी के संचालित पाठ्यक्रम में तृतीय सेमेस्टर प्रश्न-पत्र द्वितीय विशेष वाङ्मय प्रकार – नाटक के घटक चार के अंतर्गत एक और नाटक **चार चौघी** (लेखक –प्रशांत दळवी) शामिल किया गया। चतुर्थ प्रश्न-पत्र एक के अर्वाचीन मराठी कविता में घटक चार के अंतर्गत फुलरानी (बालकवीची कविता), पिपंळपान (गोविंदग्रजांची कविता) के स्थान पर **मर्ढेकरांची कविता** (बा.सी. मर्ढेकर), **सनद** (नारायण सुर्वे) को शामिल किया गया। इसी प्रश्न-प्रत्र में संदर्भ ग्रंथ के अंतर्गत 11. गोविंदाग्रज समीक्षा - अक्षयकुमार काले 12. बालकवींचे काव्यविश्व - म.सु. पाटील 13. बालकवींची कविता : तीन संदर्भ - रमेश तेंडुलकर इन संदर्भ ग्रंथों का पाठ्यक्रम की विषय वस्तु से कोई संबंध नहीं है। इसलिए इन तीनों संदर्भ ग्रंथों को हटाने की स्वीकृति दी गई। मर्ढेकरांची कविता (बा.सी. मर्ढेकर), सनद (नारायण सुर्वे) पाठ्यक्रम की इस संशोधित विषय वस्तु के लिए 11.**बाळ सीताराम मर्ढेकर** – साहित्य अकादमी, दिल्ली 12. **नारायण सुर्वे यांची कविता** – दिगंबर पाध्ये लोकवाङ्गमय गृह मुंबई के संदर्भ ग्रंथ

को शामिल किया गया। विभागीय अध्ययन मंडल द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि एक विशेष समिति द्वारा कार्यशाला आयोजित कर एम.ए. मराठी का पाठ्यक्रम अपडेट कर लिया जाए।

**मद : संख्या – 5)** मराठी विभाग में बी.ए. मराठी (ऑनर्स) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर विचार -

**निर्णय :** बी.ए. मराठी (ऑनर्स) पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु विभागीय अध्ययन मंडल द्वारा सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गई साथ ही मराठी विभाग में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर स्थायी अध्यापकों को नियुक्त की जाने की संस्तुति की गई।

Rajput

सुश्री. निकिता राजपूत
(सदस्य)

08/10/18.
श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर
(सदस्य)

डॉ. निशा शेण्डे
(बाह्य विशेषज्ञ)

8.10.18
डॉ. ए.जी. वाडेकर
(बाह्य विशेषज्ञ)

08.10.18
प्रो. प्रीति सागर
(अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता)

# अध्ययन बोर्ड (Board of Studies) की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित मराठी विभाग के अध्ययन बोर्ड की चतुर्थ बैठक अधिष्ठाता साहित्य विद्यापीठ की अध्यक्षता में दिनांक 20 सितंबर 2019 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी-

1) प्रो. प्रीति सागर (अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ)
2) श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर (प्रभारी, मराठी विभाग)
3) डॉ. निशा शेण्डे, मराठी विभाग, महिला महाविद्यालय, अमरावती
4) डॉ. एस.जी. वाडेकर, मराठी विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल
5) सुश्री. निकिता राजपूत (भूतपूर्व विद्यार्थी सदस्य) –अनुपस्थित

अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ द्वारा दोनों सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करने के बाद बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई और विचार-विमर्श के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिये गए।

**मद संख्या : 1)** ) मराठी विभाग के अध्ययन मंडल की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया।

**निर्णय :** मराठी विभाग के अध्ययन मंडल की तीसरी बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**मद संख्या :– 2)** एम.ए. मराठी प्रथम छमाही के क्रेडिट समायोजन हेतु द्वितीय प्रश्न पत्र के रूप में 'विशेष ग्रंथकार – संत ज्ञानेश्वर' (4 क्रेडिट) पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम में सम्मिलित एवं प्रश्नपत्र 'व्यावहारोपयोगी मराठी/मराठी व्याकरण' में 2 क्रेडिट का संवर्धन कर पाठ्यक्रम प्रभावी किया गया। विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :** स्वीकृत किया गया।

**मद संख्या :– 3)** एम.ए. मराठी द्वितीय छमाही के क्रेडिट समायोजन हेतु तृतीय प्रश्न पत्र के रूप में 'साहित्यप्रकाराचा अभ्यास'(4 क्रेडिट) पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम में सम्मिलित एवं प्रश्नपत्र 'भाषाव्यवहार आणि भाषा कौशल्य' में 2 क्रेडिट का संवर्धन कर पाठ्यक्रम प्रभावी किया गया। विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :** स्वीकृत किया गया।

NShende    Wadekar 20·9·19

**मद : संख्या – 4)** विभाग के विस्तार के अनुक्रम में बी.ए. मराठी (ऑनर्स) एवं बी.ए. सामान्य पाठ्यक्रम अग्रिम सत्र 2020-21 से प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर विचार।

**निर्णय :** आगामी अकादमिक सत्र से प्रारंभ करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**मद संख्या :– 5)** एम.ए. चतुर्थ छमाही के अंतर्गत संचालित परियोजना कार्य एवं मौखिकी पत्र के अंतर्गत अकादमिक सत्यनिष्ठा के आधारभूत सिद्धान्तों को पाठ्यचर्या में अनिवार्य रूप से सम्मिलित कर संचालनार्थ विचार।

**निर्णय :** स्वीकृत किया गया।

**मद संख्या :– 6)** अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

**निर्णय :** प्रत्येक प्रश्नपत्र में दी गई संदर्भ सूची में प्रकाशक, प्रकाशन स्थान, संस्करण एवं प्रकाशन वर्ष आदि का विवरण शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया।

श्री. धर्मेन्द्र शंभरकर
(प्रभारी, मराठी विभाग)

26.9.19
डॉ. एस.जी. वाडेकर,
(मराठी विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल)

डॉ. निशा शेण्डे
(मराठी विभाग, महिला महाविद्यालय, अमरावती)

प्रो. प्रीति सागर
(अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ)